# आकाशवाणी, गोरखपुर

## दिनांक–27 जुलाई 2025 सान्ध्य समाचार

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज आकाशवाणी से मन की बात कार्यक्रम की एक सौ चौबीसवीं कड़ी में देशवासियों के साथ अपने विचारों को साझा किया। विज्ञान के क्षेत्र में भारत की बढ़ती उपलब्धि की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि इक्कीसवीं सदी के भारत में विज्ञान नई ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। उन्होंने कहा कि अंतरिक्ष से शुभांशु शुक्ला की सुरक्षित वापसी से देश गर्व से भर गया।

***अभी हाल ही में शुभांशु शुक्ला की अंतरिक्ष से वापसी को लेकर देश में बहुत चर्चा हुई। जैसे ही शुभांशु धरती पर सुरक्षित उतरे लोग उछल पड़े। हर दिल में खुशी की लहर दौड़ गई। पूरा देश गर्व से भर गया। अब छोटे–छोटे बच्चे कहते हैं। हम भी स्पेस में जाएंगे। हम भी चांद पर उतरेंगे। स्पेस साइंटिस्ट बनेंगे।***

प्रधानमंत्री ने कहा कि बच्चों में नवाचार को बढ़ावा देने के लिए शुरु किए गए इन्सपायर–मानक अभियान के तहत हर स्कूल से पांच बच्चे चुने जाते हैं और प्रत्येक बच्चा एक नया आइडिया लेकर आता है।

श्री मोदी ने प्रसन्नता व्यक्त की कि अब तक लाखों बच्चे इस अभियान से जुड़ चुके हैं।

***इंस्पायर मानक अभियान का नाम सुना होगा। यह बच्चों के इनोवेशन को बढ़ावा देने का अभियान है। इसमें हर स्कूल से 5 बच्चे चुने जाते हैं। हर बच्चा एक नया आईडिया लेकर आता है। इससे अब तक लाखों बच्चे जुड़ चुके हैं और चंद्रयान–3 के बाद तो इनकी संख्या दोगुनी हो गई है। अगले महीने 23 अगस्त को नेशनल स्पेस डे है। आप इसे कैसे मनाएंगे कोई नया आईडिया है क्या। मुझे नमो ऐप पर जरूर मैसेज भेजिएगा।***

श्री मोदी ने स्वदेशी आंदोलन की चर्चा की जो सात अगस्त उन्नीस सौ पांच को शुरु हुआ था। इसी स्मृति में, हर साल सात अगस्त को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया जाता है। आत्मनिर्भरता से विकसित भारत की संकल्पना पर चर्चा करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि दो हजार सैंतालीस के विकसित भारत का रास्ता आत्म–निर्भरता से होकर गुजरता है और आत्मनिर्भर भारत की नींव तभी मजबूत होगी जब हम वही खरीदें और बेचें जिसे बनाने में किसी भारतीय का पसीना बहा हो। स्वच्छ भारत मिशन की सफलता की चर्चा करते हुए श्री मोदी ने कहा कि अब यह जन आन्दोलन बन चुका है। इस वर्ष के स्वच्छ सर्वेक्षण में साढ़े चार हजार से ज्यादा शहर और कस्बे जुड़े हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने हरियाली तीज के अवसर पर देशवासियों को शुभकामनाएं दी।

**********

प्रदेश के सभी जिलों के दो हजार तीन सौ बयासी परीक्षा केन्द्रों पर आज समीक्षा अधिकारी और सहायक समीक्षा अधिकारी पद के लिये आयोजित परीक्षा शुचिता के साथ सम्पन्न हुयी। उत्तर प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा एक पाली में आयोजित इस परीक्षा की शुचिता के लिये शासन–प्रशासन के स्तर पर पुख्ता इंतजाम किये गये थे। परीक्षा की निगरानी सीसी कैमरों से की गयी।

**********

गाजीपुर के सदर कोतवाली क्षेत्र के डिलिया गांव में एक बेटे द्वारा अपने माता–पिता और बहन की धारदार हथियार से हत्या कर देने की खबर है। घटना के बाद आरोपी पुत्र फरार हो गया है। घटना की सूचना पर मौके पर पहुंची पुलिस शवों को पोस्टमार्टम के लिये भेजने के बाद मामले की जांच कर रही है। पुलिस घटना का कारण जमीन का विवाद बता रही है।

**********

उत्तराखंड के हरिद्वार में, मनसा देवी मंदिर के पैदल मार्ग पर भगदड़ से छह लोगों की मौत और बीस अन्य लोगों के घायल होने की खबर हैं। वहां के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक प्रमेन्द्र सिंह डोभाल ने बताया कि इलाके में करंट फैलने की अफवाह से मची अफरा–तफरी के बाद भगदड़ की स्थिति बन गयी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने घटना पर गहरा शोक जताया है और घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की कामना की है। मुख्यमंत्री ने प्रदेश के प्रत्येक मृतक के परिवार को प्रदेश सरकार द्वारा दो–दो लाख रूपये की आर्थिक सहायता देने की घोषणा भी की है।

**********

प्रदेश भर में आज हरियाली तीज का पावन पर्व श्रद्धा–भक्ति और हर्षोल्लास के वातावरण में मनाया जा रहा है। इस अवसर पर गोरखपुर सहित प्रदेश के लगभग सभी जिलों में गीत–संगीत और नृत्य के विविध आयोजन किये जा रहे हैं, जिसमें महिलायें बढ़–चढ़ कर हिस्सा ले रही हैं। मथुरा जिले में इस पर्व का विशेष उत्साह देखा जा रहा है। वहां आज हरियाली तीज उत्सव का आयोजन किया रहा है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु ठाकुर बांबे बिहारी लाल मंदिर में पहुंचे और उनका दर्शन–पूजन किया। श्री बांके बिहारी हरियाली तीज के दिन भक्तों को स्वर्ण हिंडोला में विराजित होकर दर्शन देते हैं।

**********

प्रदेश के सभी पूर्वी जिलों में बादलों के छाये रहने और तेज हवा चलने से तापमान में गिरावट दर्ज की गयी है और लोगों को कुछ हद तक उमस भरी गर्मी से राहत मिली है। मौसम विभाग ने अगले चार–पांच दिनों तक गरज–चमक के साथ वर्षा का पूर्वानुमान जताया है। इस दौरान कुछ स्थानों पर भारी वर्षा और बिजली गिरने की आशंका भी जतायी गयी है।

**********